कार्यालय –अधिष्ठाता छात्र कल्याण

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर–02

पत्रांक: 559/अ0छा0क0/2025 **दिनाँक:** 14/08/2025

: : आवश्यक सूचना : :

शैक्षिक सत्र 2025–26 में नव–प्रवेशित प्रथम वर्ष बी०टेक०, बी०एस०एम०एस०, बी०फार्मा, बायोटेक०, एम०टेक०, एम०एस०सी०, एम०बी०ए० एवं बी०बी०ए० के समस्त छात्रों/छात्राओं जो छात्रावास आवंटन की सुविधा के इच्छुक थे, उनको छात्रावास आवंटित करतु हुये, सूची विश्वविद्यालय की वेब साइट (www.hbtu.ac.in) पर प्रदर्शित/अपलोड की जा चुकी है। जिन छात्रों/छात्राओं को छात्रावास आवंटित हो चुका है, वे छात्र–छात्रा दिनांक 18 अगस्त, 2025 को प्रातः 09:30 बजे से आवंटित किये गये छात्रावास में जाकर अपना–अपना कक्ष आवंटित कराना सुनिश्चित् करेंगे।

दिनांक 18 अगस्त, 2025 को प्रातः 09:30 बजे से छात्रों/छात्राओं की सुविधा हेतु **हेल्प–डेस्क** एवं उनके अभिभावकों के बैठने हेतु विश्वविद्यालय के पूर्वी प्रांगण स्थित **"राधा कृष्णन"** सभागार में व्यवस्था की गई है।

(प्रो0 अलक कुमार सिंह)
अधिष्ठाता, छात्र कल्याण

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

1. अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच०बी०टी०यू०, कानपुर को इस अपेक्षा के साथ प्रेषित कि प्रथम वर्ष बी०टेक०, बी०एस०एम०एस० एवं बी०बी०ए० के नव–प्रवेशित छात्रों/छात्राओं को इसकी जानकारी उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. विशेष कार्याधिकारी, मा० कुलपति कार्यालय को मा०कुलपति जी, एच०बी०टी०यू०, कानपुर के संज्ञानार्थ।
3. विश्वविद्यालय के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करने हेतु।
4. छात्रावास अभिरक्षक/अभिरक्षिका, श्रीधराचार्य छात्रावास, रामानुजन छात्रावास, आर्यभट्ट छात्रावास, अम्बेडकर छात्रावास एवं कावेरी छात्रावास को इस आशय के साथ प्रेषित कि आवंटन से सम्बन्धित समस्त औपचारिकतायें पूर्ण करें।
5. सिस्टम मैनेजर, एच०बी०टी०यू०, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित की उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेब साइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

(प्रो0 अलक कुमार सिंह)
अधिष्ठाता, छात्र कल्याण